सिंधिया ने लगाई विकास की झड़ी, किया भव्य स्वागत

शरीर की आखिरी सांस तक आपके साथ रहूंगा : सिंधिया

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 9 अप्रैल। सांसद के रूप में अपने एक साल के कार्यकाल में गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इलाके में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। जनसमस्याओं का कोई भी क्षेत्र उनसे अछूता नहीं रहा हो जिसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूरी हार्दिकता और तन्मयता के साथ उसके निदान का प्रयास ना किया हो। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए शिवपुरी के समाजसेवियों, व्यापारिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने सिंधिया के शिवपुरी आगमन पर उनका अभूतपूर्व और आतिशी स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली उनकी भव्य शोभायात्रा में सिंधिया का अभिनंदन करने के लिए देर रात्रि के बाद भी जनसमूह उमड़ पड़ा। शोभायात्रा के पश्चात नक्षत्र गार्डन में समाजसेवी लवलेश जैन चीनू के संयोजकत्व में शानदार स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें केन्द्रीय मंत्री सिंधिया जनता की प्रतिक्रिया देखकर इतने भावुक हुए कि वह मंच से बोल उठे कि मैं अपने जीवन की आखिरी सांस तक आपके सुख-दुख में आपके साथ रहूंगा। यहां तक कि श्री सिंधिया ने कहा कि जिस तरह से ग्रामों में कोटवार गांव की सुरक्षा व्यवस्था करता है ठीक उसी तरह मैं भी आपका कोटवार हूं और सिंधिया परिवार का जिन-जिन क्षेत्रों का दिल से रिश्ता है उन्होंने नाम गिनाते हुए कहा कि चाहे शिवपुरी, गुना, ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, दतिया, श्योपुर या मालवा हो, मैं उनके विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। सम्मान समारोह की खास बात यह रही कि जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम, विधायक देवेन्द्र जैन, महेन्द्र यादव और प्रीतम लोधी के अलावा मंच पर कोई अन्य राजनेता या भाजपा पदाधिकारी मौजूद नहीं था। जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने मंच से कड़े लहजे में अनुशासन की दुहाई देते हुए भाजपा नेताओं से कहा कि वह सबसे आखिर में पड़े सोफों पर विराजमान रहें तथा आम जनता, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों और व्यापारियों को सिंधिया से मिलने दें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एक-एक समाजसेवी संगठन की टेबिल पर जाकर खुद व्यक्तिगत रूप से उनसे मिले और शिवपुरी के विकास के लिए उनकी भावनाओं को जाना। यहां भी सिंधिया का समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत किया। मंच पर विधायक देवेन्द्र जैन ने श्री सिंधिया को चांदी का मुकुट पहनाया और कार्यक्रम के संयोजक लवलेश जैन तथा उनकी टीम ने सिंधिया का बड़ी माला पहनाकर आतिशबाजी की गूंज के साथ जोरदार स्वागत किया।

सिंधिया ने बताया कि सांसद बनने के बाद मैंने विधायक देवेन्द्र जैन और पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम सहित विभिन्न गणमान्य नागरिकों से सुझाव मांगे कि शिवपुरी का निर्माण कैसा होना चाहिए और इसके बाद मैंने योजनाबद्ध ढंग से विकास कार्य को पूर्णता दिलाने के लिए दिल से प्रयास शुरू कर दिए हैं। श्री सिंधिया ने खुशी जाहिर की कि मेडिकल कॉलेज में आगामी माह की 10 तारीख को मेडिकल ग्रेज्युएट का पहला बेच निकलकर आएगा जो देश और विश्व को समर्पित होगा। सिंधिया ने उन्हें जीवनदाता निरुपित किया और कहा कि मेडिकल कॉलेज की जीवंतता जीवनदाताओं से ही है। श्री सिंधिया ने मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ एनटीपीसी इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज आदि उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक में 80 करोड़ रूपए के घोटाले के बाद भी मेरे किसान भाई और बैंक उपभोक्ता परेशान थे। उनकी गाड़े पसीने की कमाई बैंक से निकल नहीं पा रही थी इस पर मैंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से अनुरोध कर सहकारी बैंक को 50 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई। शिवपुरी में पानी की लाइन के लिए भी मैं सतत प्रयत्नशील रहा और बदरवास में शीघ्र ही जॉकेट बनाने का कारखाना खुलेगा जिसमें महिलाओं को रोजगार मिलेगा और मेरे बदरवास की जॉकेट देश और विदेश में पहुंचकर वहां पहनी जाएंगी। शिवपुरी में एयरपोर्ट भी शीघ्र ही बनेगा, इसके लिए मुख्यमंत्री जी ने 300 एकड़ भूमि स्वीकृत की है और नागरिक विमान मंत्रालय ने 50 करोड़ रूपए की राशि एयरपोर्ट बनाने के लिए उपलब्ध कराई है। प्रारंभिक चरण में यहां से छोटे शहरों के लिए हवाई यात्रा शुरू होगी और इसका किराया कम रहे, मैं इसका भी ध्यान रखूंगा। श्री सिंधिया ने कहा कि शीघ्र ही शिवपुरी में एक बड़ा उद्योग खोला जाएगा। सिंधिया ने कहा कि मैं आपके जीवन में थोड़ा सा भी स्थान पाता हूं तो मैं अपने जीवन का धन्य मानूंगा, क्योंकि मेरा आपका राजनैतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक संबंध है।

सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर नहीं, विश्व स्तर पर शिवपुरी की पहचान बनाना मेरा लक्ष्य : सिंधिया

अभिनंदन समारोह में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने शिवपुरी से अपने भावनात्मक लगाव को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक जमाना था जब शिवपुरी के जंगलों में बाघ ही बाघ थे, लेकिन धीरे-धीरे सारे के सारे बाघ विलोपित हो गए। यह मेरे लिए गहन चिंता का विषय था इसलिए मैंने केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव से अनुरोध कर शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिलाने की मांग की जिस पर उनका कहना था कि माधव नेशनल पार्क शहर के नजदीक है और शेर कभी भी किसी भी घर में घुसकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस पर मैंने उनसे टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 14 किमी लम्बी और 12 फीट ऊंची दीवार बनाने का अनुरोध किया जिसकी लागत लगभग 20 करोड़ रूपए है और मैं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र जी का धन्यवाद अदा करता हूं कि उन्होंने मेरी मांग को सदास्यतापूर्वक स्वीकार किया। आज टाइगर रिजर्व में 5 टाइगर और 3 शावक सहित 8 टाइगर हैं। इससे शिवपुरी की पहचान न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि विश्व स्तर पर भी बनेगी, जो कि मेरा लक्ष्य है। संख्या सागर झील में जलकुंभी के कारण पानी दिलाई नहीं देता था। इस समस्या को पहचान कर मैंने माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव से जलकुंभी की सफाई के लिए 2 करोड़ रूपए की मशीनें मंगवाईं जिससे अभी तक 40 प्रतिशत जलकुंभी साफ हो चुकी है तथा शीघ्र ही शेष जलकुंभी भी समाप्त हो जाएगी। सिंधिया ने इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

स्वागत भाषण में गिनाई गई सिंधिया की उपलब्धियां

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के सम्मान में आयोजित समारोह में स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के संयोजक लवलेश जैन चीनू ने शिवपुरी के विकास में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की एक-एक उपलब्धियों का बखान किया और उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बहुत गौरव की बात है कि हमारे सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं जो कि विकास के मसीहा हैं। उनके हृदय में आमजन के प्रति पीड़ा है और राजनैतिक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य के नाते उनका जुड़ाव क्षेत्र से रहता है। राजमाता विजयाराजे सिंधिया और स्व. माधवराव सिंधिया के पदचिन्हों पर चलकर वह राजनीति नहीं, बल्कि समाजसेवा के कार्य में पूरे तन-मन-धन से जुटे हैं। इस अवसर पर लवलेश जैन चीनू ने सिंधिया के विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जिसे कार्यक्रम में मौजूद सभी गणमान्य नागरिकों की भरपूर सराहना मिली। समारोह में विधायक देवेन्द्र जैन ने भी श्री सिंधिया का गुणगान किया और कार्यक्रम का सुंदर संचालन संजीव बांझल ने किया।

श्री बाबा श्याम सेवा समिति की जिला कार्यकारिणी गठित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 9 अप्रैल। श्री बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा मंगलवार को त्रिवेणी गार्डन में नवीन जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान कर नियुक्ति पत्र दिए गए। जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा सहमति पर घोषित की। इस अवसर पर नवीन जिला कर समिति सदस्यों का सम्मान कर नियुक्ति पत्र दिए गए। सम्मान कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, विभा रघुवंशी, प्रदेश का समिति सदस्य धैर्यवर्धन शर्मा, पारस जैन, संजीव बिलगाईयां, गजेंद्र यादव, शोभा पुरोहित, शशि शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गिर्राज शर्मा ऐंचवाड़ा, जिला अध्यक्ष सुनील शुक्ला सुआटोर, दीपा बंसल, शुभ्रा शर्मा मौजूद रहे।

नवीन जिला कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में जिला महासचिव पद पर विकास दंडौतिया, उत्कर्ष शुक्ला, गणेश कोठारी, जिला उपाध्यक्ष राकेश रावत, सोनू यादव, धनीराम रावत, राहुल शुक्ला, विशाल यादव, सुरेंद्र डिगर्रा, वीरेंद्र रावत, जिला महामंत्री मथुरा प्रजापति, सुनील शर्मा, चंद्रशेखर भार्गव, जिला संगठन सचिव पद पर सोनू शर्मा, अरविंद धाकड़, बीरबल यादव, अनुभव श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष आशीष खैमरिया, प्रकोष्ठ अध्यक्ष नितिन शर्मा, पदम सोनी, मनोज जैन, जिला संगठन प्रभारी भूपेंद्र सिंघल, जिला समिति प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष बल्लू यादव, युवा उपाध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, संगठन प्रभारी अनुराग कटारे, जिला सचिव गिर्राज शर्मा, युवा समिति अध्यक्ष जसवंत भार्गव, संगठन मंत्री इंद्रसेन भार्गव, युवा महासचिव अंतरिक्ष शर्मा, युवा संगठन मंत्री संजय कुशवाहा, सौरभ शर्मा, पुष्पेंद्र गौतम, पंकज कोठारी को नियुक्त किया गया है

बदरवास में आरओ वाटर सप्लायर का लोडिंग वाहन चोरी

संदिग्ध कार में आए थे आरोपी, सीसीटीवी में वाहन ले जाते कैद हुए

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 9 अप्रैल। बदरवास में वाहन चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। आरओ वाटर सप्लायर संतोष कुमार गुप्ता का लोडिंग वाहन बदमाश चुरा ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोलनदास मंदिर के पास रहने वाले संतोष ने बताया कि 7 अप्रैल की रात करीब 10 बजे उन्होंने अपना वाहन क्रमांक एमपी 33 एल 1612 घर के सामने खड़ा किया था। सुबह जागने पर वाहन गायब मिला।आसपास तलाश करने के बाद हाईवे के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में चोर वाहन ले जाते दिखाई दिए। उनके पीछे एक संदिग्ध कार भी नजर आई। संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि संभवत- चोर इसी कार से आए थे। पीड़ित ने बदरवास थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह इसी वाहन से आरओ का पानी सप्लाई करते हैं, यह उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। बदरवास थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। क्षेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़कर वाहन बरामद करने का प्रयास कर रही है।

कलेक्टर ने गर्मी के चलते बदला स्कूलों का समय

सुबह 7 :30 से दोपहर 12 :30 तक चलेंगी कक्षाएं

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 9 अप्रैल। बढ़ती गर्मी को देखते हुए बुधवार से स्कूलों का समय बदला गया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने मंगलवार को स्कूलों के समय परिवर्तन का आदेश जारी किया है। जिले में लगातार बढ़ते तापमान से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है। जिसे देखते हुए सभी सरकारी, प्राइवेट, नवोदय और सीबीएसई स्कूलों में कक्षा 1 से 12वीं तक की क्लासें अब सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 तक लगेंगी। वहीं कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन स्कूलों में कक्षाएं दो पालियों में लगती हैं वहां का समय नहीं बदलेगा। परीक्षाएं और मूल्यांकन कार्य भी पहले की तरह ही निर्धारित समय पर होंगे। प्रशासन ने सभी स्कूल प्रबंधन को इस आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा है। इससे बच्चों को गर्मी से होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकेगा।

लाल तालाब पर किया श्रमदान

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दिया जल संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 9 अप्रैल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बदरवास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद बदरवास में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लाल तालाब में श्रमदान के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने श्रमदान किया और जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उनके साथ थे।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में जो कदम उठाए गए हैं, वह सराहनीय हैं। इस अभियान में सभी की भागीदारी होना चाहिए। सभी वालंटियर के रूप में आगे आए और अपने-अपने स्तर पर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ हमारा सदैव संबंध रहा है और यदि जल है तो कल है। हमें यह दृढ़ संकल्प करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए जल को सुरक्षित रखेंगे। यहां सड़क की स्वीकृति हुई है। सड़क बनने और तालाब बनने के बाद एक अच्छा वातावरण निर्मित होगा। उन्होंने इस अभियान में सभी की भागीदारी के लिए बधाई दी।

कोलारस, बदरवास क्षेत्र का कोटवार हूं, सदैव जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है : सिंधिया

40 करोड़ की लागत के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 9 अप्रैल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बदरवास में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और कोलारस, बदरवास की जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं कोलारस बदरवास क्षेत्र का कोटवार हूं और सदैव जनता की सुरक्षा की मेरी जिम्मेदारी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं और मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर हूं।

उन्होंने कहा कि भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी इस क्षेत्र के लिए जीवन रेखा है, जो अब 5 दिन नहीं बल्कि सप्ताह के 7 दिनों इसकी सेवा मिलेगी। माधव नेशनल पार्क अब टाइगर रिजर्व बन गया है यहां आठ टाइगर हो गए हैं। अब पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी, जिससे रोजगार भी बढ़ेगा। इसके अलावा

कोलारस, शिवपुरी क्षेत्र की एक ज्वलंत समस्या थी, जिसमें सहकारी बैंक में जो 80 करोड़ का गबन किया गया था जिससे किसान और व्यापारी सब परेशान थे। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी यह समस्या मेरे संज्ञान में लाई गई और प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 50 करोड रुपए की राशि की सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गई थी, जो 16000 करोड़ की परियोजना है जिससे शिवपुरी जिला भी लाभान्वित होगा। चंबल पार्वती लिंक परियोजना और केन बेतवा लिंक परियोजना, इन दोनों परियोजना से शिवपुरी जिले को लाभ होगा और लगभग डेढ़ लाख हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। यह एक तरह से केवल पानी से संबंधित योजना नहीं है, बल्कि किसानों के लिए जीवनधारा है। उन्होंने बदरवास के जैकेट उद्योग के बारे में भी चर्चा करते हुए कहा कि पहले छोटे-छोटे क्लस्टर के रूप में काम होता था लेकिन अब यहां बड़े स्तर पर उद्योग लगाया जाएगा। अब लगभग 1000 दीदियों को रोजगार मिलेगा, जिससे हमारी महिलाएं सशक्त होंगी तो पूरा परिवार मजबूत होगा। शिवपुरी में डॉक्टर की भी कमी थी लेकिन मेडिकल कॉलेज भी यहां बनकर तैयार हुआ। पहले लोगों को इलाज के लिए ग्वालियर जाना होता था परंतु अब यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। शिवपुरी से ही अब डॉक्टर निकलेंगे, जो अलग अलग जगहों पर अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अब शिवपुरी में बेहतर सुविधाएं विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि अभी मेरे क्षेत्र के लिए विकास का सफर शुरू हुआ है विकास का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक सुरेश राठखेड़ा, ओमप्रकाश खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया शिवपुरी के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। न केवल शिवपुरी बल्कि अपने लोकसभा क्षेत्र शिवपुरी गुना अशोकनगर में लगातार सक्रिय हैं। एक साल में कई सौगात दी हैं। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयास से सहकारी बैंक को 50 करोड रुपए की राशि की मिली है। ग्वालियर से भोपाल के लिए ट्रेन की मंजूरी दिलाई है। केन बेतवा नदी परियोजना की सौगात दी गई है।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण, भूमिपूजन

नगर परिषद बदरवास में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 381 लाख की लागत से निर्मित एसटीपी प्लाट एवं नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 51 लाख लागत से निर्मित कायाकल्प अभियान अंतर्गत 2.0 रिजौदी मार्ग पर डामरीकरण एवं लिटिल फलोवर स्कूल पर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 185.12 लाख लागत से निर्मित पीएम जनमन योजना अंतर्गत कोलारस में कनावदा से बबूका सड़क का भूमिपूजन, 131.53 लाख लागत से बदरवास में टी-10 से गरक हुसैनी सड़क, 623.93 लाख लागत से बेहगा रोड से भैंसदा वाया अजलपुर सड़क कार्य का भूमिपूजन किया। 260 लाख लागत से बदरवास में बुडाडोंगर में 100 सीटर केजीबीव्ही टाइप-3 छात्रावास भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जनपद पंचायत कोलारस में 25-25 लाख की लागत से ग्राम कूड़ाराई ग्राम पंचायत मकरारा, ग्राम खरई, भादरौन ग्राम पंचायत किशनपुर, ग्राम पचावली, ग्राम चन्देनी, ग्राम रूहानी और चिलौलाधाम ग्राम पंचायत कुम्हरौआ में सामुदायिक भवन और 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण साखनौर का भूमिपूजन किया। जनपद पंचायत बदरवास में ग्राम पगारा, कुटवारा, माधोनगर, श्रीपुरचक, रामगढ़, अकोदा में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। स्वास्थ्य विभाग का 159 लाख की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य कार्य का भूमिपूजन किया। बदरवास से किरौला-नैनागिर-सनवाड़ा मार्ग के कि.मी.34/10 में 1013.56 लाख की लागत से निर्मित कूनो नदी पर जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य का लोकार्पण, 472 लाख की लागत से आर.डी.एस.एस अंतर्गत विद्युत विभाग बदरवास में नवीन 33/11 केवी. उपकेन्द्र टीलाकला कार्य का लोकार्पण एवं एस.एस.टी.डी. अंतर्गत 242 लाख लागत से विद्युत विभाग बदरवास में नवीन 33/11 केवी. उपकेन्द्र कुटवारा कार्य का लोकार्पण किया।

जिले में भिक्षावृत्ति पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सलामतपुर, 09 अप्रैल. मप्र बाल अधिकारी संरक्षण आयोग द्वारा विगत कुछ दिनों से ट्रेफिक सिग्नल, चौराहों, धार्मिक स्थलों या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भिक्षावृत्ति की जानकारी प्राप्त होने पर जिलों को बाल एवं परिवार भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए है. जिसके परिपालन में जिला दण्डाधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्वेता पवार द्वारा भारतीय नागरिक सुरखा संहिता की धारा 163 में प्रदत्त अधिकारों को प्रयोग में लाते हुए रायसेन जिले की समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है.जारी आदेश के तहत जिले में भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान को खरीदना प्रतिबंधित किया गया है. जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है या देता है या इनसे कोई सामान खरीदता है तो उसके विरूद्ध भी इस आदेश का उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जाएगी. यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(2) के तहत तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा. इस आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी.

जनपद पंचायत सांची ने रतनपुर में लगाया शिविर

एसडीएम मुकेश सिंह ने शिविर का किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज़

सलामतपुर, 09 अप्रैल.शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचे सभी को योजनाओं का लाभ मिले इसे लेकर प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत बनगवां के तहत रतनपुर में कैंप लगाया गया है. रायसेन एसडीएम मुकेश सिंह शिविर में पहुंचे और विधिवत शिविर का शुभारंभ किया. उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से स्वयं भी चर्चा की और सभी को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. शिविर में उपस्थित सांची सीईओ बंधु सूर्यवंशी द्वारा अलाउंस के माध्यम से लोगों को बताया गया कि जिनके आयुष्मान नहीं बने हैं आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं काउंटर पर समग्र केवाईसी की जा रही है जिनकी केवाईसी नहीं है वह करवाए इसके अलावा आंगनबाड़ी के सामने जाति प्रमाण पत्र अन्य प्रमाण पत्र समग्र आईडी बनाई जा रही है आधार केंद्र पर लगाए जा रहे हैं आधार अपडेट करा लें पशुपालन विभाग से संपर्क कर जानकारी प्राप्त करें आदिम जाति कल्याण विभाग से जानकारियां दी जा रही है मौके पर आदिम जाति कल्याण अधिकारी मौजूद थे. इसके अलावा आयुष विभाग द्वारा आयुष अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा लोगों को जानकारी दी जा रही है दवाइयां दी जा रही है.

इस अवसर पर ग्राम पंचायत मनीष गोल्डी, सचिव रामबाबू दांगी, मनोज सिंगरौली, दीवान सिंह विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे. वहीं बड़ी संख्या में लोग ग्रामीण जन भी पहुंचे और शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया.

जल गंगा संवर्धन अभियान :तालाब पर शिक्षकों ने किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 9 अप्रैल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए कई गतिविधियां जिले में आयोजित हो रही है, जिसमें विभिन्न विभागों की भूमिका भी तय की गई है। साथ ही सभी को स्थानीय समुदाय को जोड़कर इस दिशा में काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग की टीम द्वारा पोहरी के डांग दरवाजा तालाब पर श्रमदान किया गया। इसका उद्देश्य है कि हमें जल स्त्रोतों के महत्व को जीवन में स्वीकार करते हुए आगे बढना है क्योंकि जल है तो कल है यह अवधारणा तभी परिलक्षित होती है, जब हम सभी एक साथ जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करते रहें। इसी क्रम में विकासखंड पोहरी में मुरली मनोहर मंदिर के पास स्थित डांग दरवाजा तालाब पर डीसीपी दफेदार सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में एपीसी अतरसिंह राजोरिया, एई सतीश निगम, प्रभारी संकुल प्राचार्य भरत सिंह धाकड़, सीएससी बलबीर सिंह धाकड़ और पोहरी के शिक्षकों द्वारा श्रमदान किया गया।

सिलवानी के ग्राम चौपाल पर जल को बचाने की ली शपथ

नवभारत न्यूज

सिलवानी 09 अप्रैल. जल गंगा अभियान के तहत सामाजिक संस्थाओं के द्वारा जल को बचाने का अभियान चलाया जा रहा है. ग्रामो में भी चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर जल का दोहन ना किए जाने का संकल्प लिया जा रहा हैं. जल गंगा संबर्धन अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अपनी निर्णायक भूमिका निभा रहा है जन अभियान परिषद सिलवानी से जुड़े मेंटर एवं छात्रों द्वारा ग्रामीणजनों के साथ सहभागिता कर धोलपुर ग्राम में सामूहिक चौपाल बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से जल संसाधनों के संरक्षण एवं संबर्धन के बारे में चर्चा हुई. जिसमें धोलपुर ग्राम के नजदीक 2 तालाबों को चिन्हित कर उनकी सफाई एवं गहरीकरण की बात पर सहमति बनी. जन समुदाय के साथ मिलकर साफ सफाई कर ग्राम पंचायत को प्रस्ताव भेज कर गहरीकरण की मांग की गई. उपस्थित सभी लोगों ने जल को बचाने एवं व्यर्थ जल के उपयोग को रोकने की शपथ ली. चौपाल बैठक में धौलपुर ग्राम से ग्याप्रसाद लोधी, खेतसिंह रावत, रामबती बाई, रानीबाई, मेंटर प्रदीप कुमार प्रजापति, सुनील लोधी, हर्ष विश्वकर्मा, गौशाला कार्यकर्ता अभिषेक वेदी, अतुल आदिवासी, सुरजीत आदिवासी, अमितए सचिन आदि उपस्थित रहे.

नरवाई के प्रति लोगों को जागरूक करने रथ रवाना

सलामतपुर. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से फसल अवशेष,नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगा, जहां किसानों को नरवाई में आग लगाने से होने वाले नुकसानों और नरवाई प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी जाएगी.

शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

शिवपुरी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी जिले के प्रवास पर हैं। उन्होंने ग्राम सजाई, ग्राम खरेह और कोलारस का भी भ्रमण किया। अभी हाल ही में कई परिवारों में जिन सदस्य का देहांत हुआ है उनके परिजनों से मुलाकात की और मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ग्राम सजाई में राजकुमार रघुवंशी, ग्राम खरेह में चौधरी हरवीर सिंह रघुवंशी और कोलारस में कलुआ जाटव की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया।